# यूपी कैटेट-2024 का परीक्षा परिणाम घोषित, जौनपुर के शिवम यादव बने टॉपर

कानपुर । उप्र संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपीकैटेट-2024) हेतु स्टीयरिंग कमेटी की बैठक दिनांक 11 मार्च, 2024 को अपर मुख्य सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए



गये निर्णय के अनुसार शैक्षिक वर्ष 2024-25 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 3354 सीटों प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 17 मार्च से 07 मई तक भरे गये थे। अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून को आयोजित की गयी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुल 17,274 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया।प कुल 15724 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। परिणाम 22 जून को सूर्य प्रताप शाही मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान की गरिमामयी उपस्थिति में ऑनलाइन मोड में घोषित किया गया। जिसमें कृषि उत्पादन आयुक्त डा मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि डा देवेश चतुर्वेदी, महानिदेशक उपकार, डा संजय सिंह, डा विजेन्द्र सिंह, कुलपति, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या एवं नोडल अधिकारी, महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर, डा0 एन0पी0 सिंह, कुलपति, बॉदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा तथा डा0 ए0के0 सिंह, कुलपति, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर सभी कृषि विश्वविद्यालयों के कुलसचिव, परीक्षा समिति के सदस्यगण, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशक एवं विभिन्न प्रैस मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 15 अंक : 349 कानपुर, रविवार 23 जून 2024 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# यूपी कैटेट-2024 का परीक्षा परिणाम घोषित, जौनपुर के शिवम यादव बने टॉपर

कानपुर । उप्र संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपीकैटेट-2024) हेतु स्टीयरिंग कमेटी की बैठक दिनांक 11 मार्च, 2024 को अपर मुख्य सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए



गये निर्णय के अनुसार शैक्षिक वर्ष 2024-25 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 3354 सीटों प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 17 मार्च से 07 मई तक भरे गये थे। अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून को आयोजित की गयी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुल 17,274 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया।प कुल 15724 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। परिणाम 22 जून को सूर्य प्रताप शाही मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान की गरिमामयी उपस्थिति में ऑनलाइन मोड में घोषित किया गया। जिसमें कृषि उत्पादन आयुक्त डा मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि डा देवेश चतुर्वेदी, महानिदेशक उपकार, डा संजय सिंह, डा विजेन्द्र सिंह, कुलपति, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या एवं नोडल अधिकारी, महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर, डा0 एन0पी0 सिंह, कुलपति, बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा तथा डा0 ए0के0 सिंह, कुलपति, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर सभी कृषि विश्वविद्यालयों के कुलसचिव, परीक्षा समिति के सदस्यगण, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशक एवं विभिन्न प्रैस मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1/12



जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 249
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 23 जून, 2024

# यू.पी.कैटेट 2024 का परिणाम किया घोषित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा यू.पी.कैटेट 2024 का परिणाम शनिवार को ऑनलाइन मोड पर घोषित किया गया। यह परीक्षा परिणाम उत्तर प्रदेश के कृषि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की उपस्थिति में ऑनलाइन मोड पर घोषित किया गया जिसमें कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश डॉ.मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ.देवेश चतुर्वेदी, महानिदेशक उपकार उत्तर प्रदेश डॉ.संजय सिंह, डॉ.विजेन्द्र सिंह, डॉ.एन.पी.सिंह, डॉ.ए.के.सिंह मौजूद रहे।



कानपुर,23 जून 2024 4

# यूपी कैटेट-2024 का रिजल्ट : शहर के मेधावी अविरल सिंह ने पायी तीसरी रैंक

## स्नातक में प्रवेश के लिए 27 जून से आनलाइन काउंसिलिंग के लिए पंजीयन शुरू



अविरल सिंह

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 22 जून। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट-2024) का रिजल्ट को जारी कर दिया गया। उत्तर प्रदेश की पांचो कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए यूपी कैटेट- 2024 के रिजल्ट की दो अलग अलग कैटेगरी के टॉप थ्री मेधावियों में शहर के छात्रो ने अपना नाम दर्ज कराया है.।

स्नातक स्तर पर पीसीबी ग्रुप में शहर के केशवपुरम, आवास विकास, कल्याणपुर के रहने वाले अविरल सिंह ने तीसरा स्थान पाया है। वहीं, परास्नातक में एडमिशन के लिए हुए टेस्ट में एमएफआर ग्रुप से शहर में डीएम कालोनी की रहने वाली सेजल साहू से सेकेंड रैंक पाई है। इस बार यूपीकैटेट का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से किया गया था।इसके साथ ही स्नातक में प्रवेश के लिए 27 जून 2024 से आनलाइन काउंसिलिंग के लिए पंजीयन शुरू किया जाएगा। शहर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर (सीएसए) में 881, अयोध्या एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 1123, मेरठ में 742, बांदा में 578 और कुशीनगर में 30 सीटें हैं। इन पांचों कृषि विश्वविद्यालयों में कुशीनगर स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का यह पहला सेशन होगा।

## साइंटिस्ट बनना चाहता है

कानपुर। यूपीकैटेट यूजी की पीसीबी कैटेगरी में तीसरी रैंक लाने वाले अविरल सिंह साइंटिस्ट बनना चाहते हैं। इसी साल केवी ओईएफ से 94.6 प्रतिशत अंक के साथ 12वीं उत्तीर्ण किया है। बीते दो साल से सिलेबस से सेल्फ स्टडी से तैयारी करने में सफलता मिली है। उसने बताया कि आईसीएआर में एडमिशन के लिए एंट्रेस टेस्ट दिया है। जिसका रिजल्ट आना बाकी है। इनके पिता सत्येंद्र सिंह और मां प्रभा सिंह दोनों सरकारी स्कूल में टीचर्स है।

# यूजी में अविरल की देश में तीसरी और पीजी में सेजल की दूसरी रैंक

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पैरेंट्स के साथ खुशी शेयर करते अविरल सिंह.

### एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए जारी हुआ यूपीकैटेट का रिजल्ट

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (22 June):** यूपी कंबाइंड एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी एंट्रेंस टेस्ट (यूपीकैटेट) का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया गया. यूपी की पांचों स्टेट गवर्नमेंट की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए यूपीकैटेट के रिजल्ट की दो अलग अलग कैटेगरी के टॉप थ्री कैंडीडेट्स में में सिटी के दो स्कालर्स ने अपना नाम दर्ज कराया है. अंडर ग्रेजुएट के पीसीबी ग्रुप में सिटी के केशवपुरम कल्याणपुर के रहने वाले अविरल सिंह ने तीसरा स्थान पाया है. वहीं, पीजी में एडमिशन के लिए हुए टेस्ट में एमएफआर ग्रुप से सिटी में डीएम कॉलोनी की रहने वाली सेजल साहू से सेकेंड रैंक पाई है.बताते चलें कि इस बार यूपीकैटेट का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से किया गया था.

**यूपीकैटेट के रिजल्ट की दो अलग अलग कैटेगरी के टॉप थ्री कैंडीडेट्स में में सिटी के दो स्कॉलर्स ने अपना नाम दर्ज कराया है**

### बनना है साइंटिस्ट

यूपीकैटेट यूजी की पीसीबी कैटेगरी में तीसरी रैंक लाने वाले अविरल सिंह साइंटिस्ट बनना चाहते हैं. बताया कि इसी साल केवी ओईएफ से 94.6 परसेंट मार्क्स के साथ 12वीं को पास किया है. बीते दो साल से सिलेबस से सेल्फ स्टडी से तैयारी करने से उनको यह सक्सेस मिली है. बताया कि आईसीएआर में एडमिशन के लिए एंट्रेस टेस्ट दिया है, जिसका रिजल्ट आना बाकी है. इनके पिता सत्येंद्र सिंह और मां प्रभा सिंह दोनों गवर्नमेंट टीचर हैं. यह केशवपुरम कल्याणपुर के रहने वाले हैं.

### 27 जून से काउंसिलिंग

यूजी क्लासेज में एडमिशन के लिए 27 जून से ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाएगा. सीटों की बात करें तो कानपुर स्थित सीएसए में 881, अयोध्या एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 1123, मेरठ में 742, बांदा में 578 और कुशीनगर में 30 सीटें हैं. इन पांचों यूनिवर्सिटीज में कुशीनगर स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का यह पहला सेशन होगा.

### देश के लिए करेंगी रिसर्च

केशवपुरम कल्याणपुर की रहने वाली मोनिका वर्मा ने यूपीकैटेट के पीएचडी के पीडीएचएस ग्रुप में एग्जाम को पास किया है. इनकी ग्रुप रैंक पांच और ग्रुप कैटेगरी रैंक फर्स्ट है. बातचीत में बताया कि वह साइंटिस्ट बनकर देश के लिए रिसर्च करना चाहती हैं. इन्होंने बीएससी की पढ़ाई सीएसए और एमएससी की पढ़ाई समस्तीपुर बिहार स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी से की है. इनके पिता सर्वेश कुमार सिंह पुलिस में सब इंस्पेक्टर और मां शशि देवी हाउस वाइफ हैं.

और
लोड

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

पांच कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए

# यूपी कैटेट में सेजल की प्रदेश में दूसरी रैंक, अविरल तीसरे स्थान पर रहे

कानपुर वरिष्ठ संवाददाता। पांच कृषि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए हुई यूपी कैटेट 2024 का परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। शहर की छात्रा सेजल साहू ने मास्टर इन फॉरेस्ट्री कोर्स में प्रदेश में दूसरा और बीएससी-पीसीबी में अविरल सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शैक्षिक वर्ष 2024-25 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा और महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुशीनगर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 3354 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई थी।

**सीएसए में 881 सीटों पर होना है प्रवेश :** सीएसए में 881, अयोध्या में 1123, मेरठ में 742, बांदा 578 और कुशीनगर में 30 सीटों पर प्रवेश होना है। प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून को हुई थी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुल 17,274 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया था व कुल 15724 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। स्नातक में 11201 अभ्यर्थी, मास्टर्स में 3152 अभ्यर्थी, एमबीए में 400 अभ्यर्थी और पीएचडी में 971 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुलपति डॉ. एके सिंह ने बच्चों को बधाई दी।

## सेजल साइंटिस्ट बनने का इरादा रखती हैं



सेजल साहू ने यूपी कैटेट में मास्टर ऑफ फॉरेस्ट्री (एमएफआर) कोर्स में प्रवेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता बांदा में जिला उद्यान अधिकारी के पद पर तैनात हैं। माता माया साहू कानपुर में परिषदीय शिक्षिका हैं। सेजल का कहना है कि उनकी स्कूलिंग सरदार पटेल स्कूल, जरौली से हुई है। बीएससी बांदा कृषि विश्वविद्यालय से किया है। इसमें 8.3 ओजीपीए रहा था। बांदा कृषि विश्वविद्यालय से ही मास्टर ऑफ फॉरेस्ट्री करने की तैयारी है। इसके बाद पीएचडी करुंगी। सिविल सेवा में जाने का मन है। अभी कह नहीं सकती कि वैज्ञानिक बनूंगी, शिक्षिका या आईएएस। यह समय आने पर तय करुंगी।

## नीट दोबारा आयोजित हो तो बने बातः अविरल सिंह



स्नातक के ग्रुप पीसीबी (बीएससी एग्री) में प्रवेश में तीसरी रैंक हासिल करने वाले अविरल सिंह का कहना है कि उन्होंने नीट दिया था जिसमें 550 अंक मिले हैं। नीट का पेपर दोबारा होना चाहिए। रोज नई-नई बातें सामने आ रही हैं। बेहतर होता यह परीक्षा दोबारा कराई जाती। 30 जून को एक और परीक्षा है, उसके परिणाम के लिए भी प्रतीक्षा करेंगे। नीट के चलते एक बैकअप के तौर पर मैंने सीटेट दिया था। उम्मीद से कहीं ज्यादा अच्छी रैंक आ गई है। केवी ओईएफ के छात्र रहे अविरल का कहना है कि कृषि में प्रवेश से पहले अन्य के परिणाम देखेंगे। पिता पिता सत्येंद्र सिंह ओईएफ इंटर कॉलेज फूलबाग में शिक्षक हैं।

## तिवारी एग्रीकल्चर एकेडमी के योगेश को मिली सफलता



तिवारी एग्रीकल्चर एकेडमी के 200 से अधिक छात्रों ने यूपी कैटेट में सफलता पाई है। पीएजी समूह में योगेश यादव की 28वीं रैंक (समूह रैंक 07वीं) आई है। वह चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय( सीएसए) में बीएससी ऑनर्स में प्रवेश लेना चाहता है। उसके पिता रामआसरे यादव शिक्षक हैं। एकेडमीके प्रबंधक ने बताया कि कोचिंग से विवेक ने 12वीं, शिवनायक यादव ने 12वीं, सौरभ ने 16वीं, सनी ने 19वीं, अर्पित यादव ने 28वीं, नरेश बाबू ने 29, गुलशन ने 37वीं, आशीष ने 39वीं और सुधांशु तिवारी ने 44 वीं रैंक हासिल की।

वर्ष : 16 अंक : 170 लखनऊ रविवार, 23 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

1/12

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण

# यूपीकैटेट-2024 का परिणाम घोषित, स्नातक में शिवम यादव ने किया टॉप

## मास्टर आफ एग्रीकल्चर में पवन मिश्रा रहे अव्वल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपीकैटेट-2024) का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। जौनपुर के शिवम यादव ने स्नातक के सभी ग्रुपों में टॉप किया तो वहीं मास्टर आफ एग्रीकल्चर में वाराणसी के पवन मिश्रा अव्वल रहे।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति आनंद कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर में प्रवेश के लिए यूपीकैटेट-2024 परीक्षा 11 और 12 जून को कराई गई थी। यह प्रवेश परीक्षा विभिन्न पाठ्यक्रमों के 3354 सीटों के लिए कानपुर सहित 11 जनपदों में आयोजित हुई थी। विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए 17,274 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया था व 15724 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। स्नातक में 12390 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 11201 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। मास्टर्स में 3384 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 3152 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। एम.बी.ए. में 442 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 400 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। पी.एच.डी. में 1058 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 971 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये।

कुलपति ने बताया कि 22 जून यानी आज शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की उप स्थिति में यूपीकैटेट-2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान संबंधित कृषि विश्वविद्यालयों के सभी कुलपति मौजूद रहे। परीक्षा परिणाम के मुताबिक स्नातक के चारों ग्रुपों में संयुक्त रुप से जौनपुर के शिवम यादव ने टॉप किया। इसके साथ ही फिजिस्क कमेस्ट्री बायोलॉजी में भी उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया।

फिजिस्क केमिस्ट्री मैथ में शामली जनपद के अभिनव वर्मा, पीएजी में सुल्तानपुर के विशाल, पीएचएस में सुल्तानपुर की रश्मि अव्वल रही। इसी प्रकार परास्नातक ग्रुप में एम.एच.एस में प्रयागराज की वैष्णवी सिंह, एमएजी में वाराणसी के पवन मिश्रा, एमवीएस में शाहजहांपुर के अनुराग पटेल, एमटीए में आगरा के दिव्यांशू सिंह, एमटीएम में जौनपुर के सौरभ यादव, एमटीवी में मुजफ्फरनगर के सागर बालियान, एमएफएस में उन्नाव के देवाग्य प्रताप सिंह और एमएफआर में जलौन के युवराज सिंह ने टॉप किया है।

अमर उजाला 23/06/2024

# परास्नातक में सेजल को प्रदेश में मिली दूसरी रैंक

## यूपी कैटेट का परिणाम जारी : स्नातक में अविरल की प्रदेश में तीसरी रैंक

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) का परिणाम शनिवार दोपहर को घोषित किया गया। परास्नातक में बर्रा-8 में रहने वाली सेजल साहू ने प्रदेश में दूसरा स्थान पाया है। स्नातक में आवास विकास केशवपुरम के अविरल सिंह को तीसरी रैंक मिली है।

प्रदेश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा होती है। इस बार 11 व 12 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्नातक में 538, परास्नातक में 252 और पीएचडी में 91 सीटों यानी कुल 881 सीटों पर दाखिले होने हैं।

प्रदेश में कुल 3354 सीटों पर प्रवेश होने हैं। परीक्षा के लिए 17,274 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। 15724 ने प्रवेश परीक्षा दी थी। स्नातक, परास्नातक, एमबीए और पीएचडी में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई थी।

### वानिकी में पीएचडी करना सेजल का सपना

बर्रा आठ में रहने वाली सेजल ने मास्टर ऑफ फॉरेस्ट्री में प्रदेश में दूसरी रैंक पाई है। उनके पिता राजेंद्र कुमार बांदा के जिला उद्यान अधिकारी और मां माया कानपुर देहात के परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। सेजल ने बताया कि उनका सपना वानिकी में पीएचडी करने का है। उन्होंने अपनी हाईस्कूल और इंटर की पढ़ाई सरदार पटेल इंटर कॉलेज, जरौली से की है। उनका छोटा भाई दीपक दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए कर रहा है। सेजल ने बताया कि कृषि क्षेत्र में कॅरिअर बनाने की सलाह पिता ने दी थी।





### अविरल सिंह कृषि क्षेत्र में करना चाहते हैं शोध

अविरल सिंह ने पीसीबी ग्रुप में प्रदेश में तीसरी रैंक पाई है। वह कृषि क्षेत्र में शोध करना चाहते हैं। पिता सतेंद्र सिंह फूलबाग स्थित ओईएफ इंटर कॉलेज में शिक्षक और मां प्रभा परिषदीय विद्यालय में पढ़ाती हैं। शिक्षक दंपती के बेटे अविरल ने बताया कि अभी पूरा ध्यान स्नातक की पढ़ाई पर है। उन्होंने मकसूदाबाद के कॉलेज से हाईस्कूल और केंद्रीय विद्यालय ओईएफ से इंटर किया है।

## आज के कार्यक्रम

वितरण : रोटरी इंटरनेशनल की ओर से वार्षिक पुरस्कार वितरण सिविल लाइंस मर्चेंट चैंबर में सुबह 10.45 बजे।

समारोह : गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल की ओर से गुरुद्वारा कलगीधर सिंघ सभा गोविंद नगर में सुबह साढ़े नौ बजे।

आमसभा : अग्रवाल समाज की ओर से वार्षिक आमसभा महाराज अग्रसेन भवन किदवई नगर में 11 बजे।

समारोह : परिधि सेवा संस्थान की ओर से समाजसेवियों का सम्मान शकुंतला लान अर्रा रोड नौबस्ता में दोपहर एक बजे।

प्रदर्शन : पेपर लीक होने को लेकर काकादेव में एनटीए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन दोपहर एक बजे।

शिविर : द बौद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया की ओर से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नंदरानी गेस्ट हाउस आवास विकास कल्याणपुर में दो बजे।

शिविर : महानगर विकास समिति की ओर से रक्तदान शिविर किशोरी वाटिका साकेत नगर में चार बजे।

सम्मेलन : रंजना देवी संगीत संस्था एवं ध्रुपद केंद्र की ओर से संगीत सम्मेलन मर्चेंट चैंबर में 5.30 बजे।

सम्मेलन : मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज की ओर से 17वां नगर सम्मेलन रामलीला मैदान गोविंद नगर में रात आठ बजे।

# यूपीकैटेटट में शिवम अव्वल, अविरल तृतीय

## कृषि विश्वविद्यालय में स्टीयरिंग कमेटी ने शनिवार को घोषित किया यूपीकैटेट परिणाम

जागरण संवाददाता, कानपुर/मेरठ : उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपीकैटेट-2024) का परीक्षा परिणाम शनिवार को स्टीयरिंग कमेटी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आनलाइन घोषित किया। प्रवेश परीक्षा में प्रदेश स्तर पर जौनपुर के छात्र शिवम यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया है।


शिवम यादव ● विवि प्रशासन

कानपुर के दो होनहारों ने परीक्षा की स्नातक व परास्नातक मेधावी सूची में स्थान बनाया है। अविरल सिंह ने स्नातक पाठ्यक्रम के लिए पीसीबी श्रेणी में तीसरा स्थान और सेजल साहू ने एमएससी वानिकी पाठ्यक्रम के लिए प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कुलपति डा. आनंद सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की 881 सीटों पर प्रवेश के लिए परिणाम सूची जारी हुई है।

यह प्रवेश परीक्षा सीएसए को करानी थी, लेकिन बाद में यह जिम्मेदारी सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ को मिली।

> कानपुर की सेजल साहू ने एमएससी वानिकी पाठ्यक्रम के लिए प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया।

परिणाम शनिवार को जारी हुआ। स्नातक के ग्रुप-पीसीबी में अविरल सिंह तृतीय, पीएजी में कन्नौज के अंकित द्वितीय, पीएचएस में कन्नौज की रश्मि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रेसवार्ता में कुलपति डा. केके सिंह ने बताया कि 27 जून से 30 जून तक काउंसिलिंग होगी। सीएसए समेत प्रदेश के पांच कृषि विश्वविद्यालयों में तीन जुलाई को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

आनलाइन बैठक में प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि उत्पादन आयुक्त डा. मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि डा. देवेश चतुर्वेदी, महानिदेशक उपकार यूपी डा. संजय सिंह के अलावा चारों कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल हुए।

## शोध कार्य से बनानी है अपनी पहचान

केशवपुरम आवास विकास निवासी अविरल सिंह ने यूपी कैटेट में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अविरल ने पीसीबी श्रेणी में परीक्षा दी है। अविरल के पिता सतेन्द्र सिंह आर्डिनेंस फैक्ट्री के इंटर कालेज में और मां प्रभा सिंह बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल में शिक्षक हैं। अविरल ने केंद्रीय विद्यालय से इंटरमीडिएट की परीक्षा 94.6 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की है। अविरल ने बताया कि प्रदेश में तीसरी रैंक आने से बेहद खुशी हुई है। मेरा सपना शोध कार्य कर कृषि वैज्ञानिक बनने का है। बीएचयू में भी प्रवेश के लिए परीक्षा दी है। अगर मौका मिला तो पहले बीएचयू में प्रवेश लेंगे।


अविरल सिंह ● स्वयं

## सेजल का सपना जाना है सिविल सेवा में

डीएम कालोनी कानपुर में रहने वाली सेजल साहू ने एमएससी वानिकी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा दी थी और प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सेजल के पिता राजेंद्र सिंह बांदा में जिला उद्यान अधिकारी और मां माया साहू कानपुर देहात में प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका हैं। सेजल ने बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से बीएससी की डिग्री इसी साल प्राप्त की है। अब एमएससी भी वहीं से करने का इरादा है। सेजल ने बताया कि मेरी शिक्षा में मां और पिता दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पिता ने सीएसए से स्नातक किया है। उन्होंने ही यह क्षेत्र अपनाने का सुझाव दिया। एमएससी करने के बाद आइएएस बनने का इरादा है।


सेजल साहू ●